



# गौरी सरोवर सौंदर्यीकरण का विधायक ने किया भूमि पूजन

**2 करोड़ 32 लाख से अधिक की लागत से हेरिटेज पोल, पेवर फुटपाथ और रेलिंग का निर्माण होगा**




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 सितम्बर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर गौरी सरोवर को और अधिक आकर्षक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को कायाकल्प 2.0 अभियान के अंतर्गत 2 करोड़ 32 लाख 80 हजार 626 रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ। विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने विधिवत भूमि पूजन कर इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना की नींव रखी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका भिण्ड की टीम ने किया।

इस परियोजना के अंतर्गत गौरी सरोवर रोड के दोनों किनारों पर हेरिटेज स्टाइल विद्युत पोल, पेवर ब्लॉक से सुसज्जित आधुनिक फुटपाथ, और सुरक्षा के लिए मजबूत रेलिंग का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल सरोवर का ऐतिहासिक स्वरूप निखरेगा बल्कि पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित व सुंदर सैरगाह भी उपलब्ध होगी। विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौरी सरोवर हमारे शहर की पहचान है। कायाकल्प 2.0 अभियान का उद्देश्य इसे पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करना और भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है। इस कार्य से भिण्ड का गौरव और बढ़ेगा। उन्होंने नगर पालिका और निर्माण एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य न केवल क्षेत्र के सौंदर्य को बढ़ाएगा, बल्कि रोजगार और पर्यटन को भी प्रोत्साहन देगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अधिकारी, पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। विधायक ने अंत में सभी से आह्वान किया कि हम सब मिलकर इस धरोहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

# भिंड में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 सितम्बर।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड सुनील दुबे ने की। बैठक में अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर महेन्द्र सौजन्य, डिप्टी कलेक्टर विकास केमोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ दुबे ने सभी विभागों के समय सीमा वाले पत्रों और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतोषजनक निराकरण प्राथमिकता से किया जाए, ताकि जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। उन्होंने विशेष रूप से 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी की प्रगति पर चर्चा करते हुए दुबे ने सभी सीईओ जनपद एवं नगरीय निकाय सीएमओ को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। साथ ही सार्थक एप्लिकेशन के माध्यम से कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य करने पर बल देते हुए चेतावनी दी कि जिन कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज नहीं की है, उनका वेतन रोका जाएगा। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली को कार्यालयीन कार्यों में पूर्ण रूप से लागू करने और आईगोट कर्मयोगी पोर्टल अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में खाद की उपलब्धता, टीएल पत्रों के निराकरण और मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। सीईओ दुबे ने कहा कि सभी अधिकारी समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जनहित से जुड़े मामलों का प्रभावी समाधान हो सके और जिले की प्रशासनिक दक्षता में सुधार आए।

# एमपी हाईवेज कर्मचारी रात भर हाईवे से हटाते हैं मवेशी, घायल मवेशियों को पहुंचाते अस्पताल



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,29सितम्बर।** मालनपुर के पास संचालित एमपी हाईवेज टोल प्लाजा कर्मचारी आवारा बीमार और घायल गोवंश के लिए जीवन रक्षक साबित हो रहे हैं, कर्मचारी रात भर सड़क पर गायों को हाईवे से हटाते हैं जिससे काफी हद तक हादसों में भी कमी आई है, इतना ही नहीं टोलकर्मी बीमार घायल गायों को उपचार हेतु गौशाला भिजवाने का काम कर रहे हैं और मृत गोवंश के शरीर को सम्मान पूर्वक दफनाने का काम कर रहे हैं, टोल प्रबंधन के निर्देशन में अभी तक हजारों गोवंश के सींगों पर रेडियम पट्टे भी चिपकाए जा चुके हैं और मालनपुर मैं संचालित गौ उपचार केंद्र में टोल प्रबंधन द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया जाता है, उनके ऐसे सराहनीय कार्य के लिए, राष्ट्रीय गौरक्षक संघ की टीम और क्षेत्र के समाजसेवियों ने टोल प्रबंधन का सम्मान भी किया था व टोल कर्मियों के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र वासियों ने प्रशंसा की है और उनसे आशा की है कि वह ऐसे ही गौ सेवा के कार्य में सहयोग करते रहें

**24 घंटा उपलब्ध रहता है एंबुलेंस वाहन, खबर मिलने पर तुरंत मिलती है सहायता:**

हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं के चलते टोल प्लाजा पर 24 घंटा एंबुलेंस वाहन उपलब्ध रहता है दुर्घटना की खबर मिलने के तुरंत बाद ही एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध होती है और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जाता है जिससे घायलों को तुरंत उपचार मिलना शुरू हो जाता है। टोल प्रबंधन के इस सराहनीय कार्य के लिए ग्वालियर कलेक्टर और भिंड कलेक्टर भी तारीफ कर चुके हैं।

एमपी हाईवेज द्वारा औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में फायर स्टेशन के सामने पड़ी उद्योग विभाग की जमीन पर करीब 1000 से भी ज्यादा वृक्ष रोपित कर रिकॉर्ड बना दिया है, वृक्षारोपण के साथ-साथ वाकायदा उनकी देखरेख भी की जा रही है, टोल प्रबंधन द्वारा रोपित पौधे देख-रेख के चलते सभी जीवित हैं और जल्द ही बड़े वृक्ष होकर हरा भरा जंगल तैयार हो जाएगाल। वृक्षारोपण को लेकर औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर के वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु दत्त शर्मा ने टोल प्रबंधन को मालाएं पहनकर सम्मानित भी किया था।

टोल प्रबंधन अब ऐसे वाहन चालकों पर सख्त हो गया है जो बरसों से कहीं किसी नेता या पुलिस के नाम पर फर्जी तरीके से फ्री में वाहन निकल रहे थे, ऐसे वाहन चालकों से प्रबंधन द्वारा पूछताछ की गई तो सच्चाई सामने आई उसके बाद ऐसे सभी वाहनों को फ्री निकलने पर बंद कर दिया गया ,इससे कई छुट भैया चोर ,उचक्के, चेथरे टाइप के लोग बौखलाए और घबराए हुए है, सूत्रों ने तो यहां तक बताया कि इनमें से कई लोग नेताओं के पास पहुंचे और फ्री गाड़ी निकालने की मिन्नते की लेकिन उन्होंने भी मना कर दिया और कहा कि नियम से चलो उसी में भलाई है और हमारे नाम का दोबारा उपयोग मत करना।

# भिंड में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 सितम्बर।** नारी स्वस्थ तो परिवार स्वस्थ, और परिवार स्वस्थ तो समाज सशक्त इसी मूल विचार को केंद्र में रखते हुए 29 सितंबर 2025 को ज़िला भिण्ड में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिलेभर में भव्य स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। यह पहल केवल स्वास्थ्य परीक्षण तक सीमित न रहकर महिलाओं और किशोरियों को आत्मनिर्भर, सजग और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

जिले के विभिन्न संस्थानों और विद्यालयों में लगाए गए इन शिविरों में 300 से अधिक महिलाओं एवं छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में हीमोग्लोबिन, एनसीडी, मानसिक स्वास्थ्य, टीबी, एचआईवी जैसी गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही पोषण परामर्श, परिवार नियोजन की जानकारी और स्वास्थ्य कार्ड वितरण भी किया गया। शिविरों में जिले के समर्पित चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, एएनएम और सहयोगी कर्मियों ने सेवाएँ दीं। उदयपुरा कॉलेज में डॉ. गौरव भटनागर की टीम, सदर बाजार कॉलेज में डॉ. विवेक निगम, लक्ष्मीबाई स्कूल में डॉ. विनिता सिंह और स्वरूप विद्या निकेतन में डॉ. रेणु शर्मा एवं डॉ. दलवीर ने जिम्मेदारी निभाई। अभियान की मॉनिटरिंग जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने की, जबकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव ने कहा कि नारी स्वास्थ्य ही समाज का वास्तविक स्वास्थ्य है। बेटियां और माताएं स्वस्थ होंगी तो परिवार और समाज स्वत: प्रगति करेगा। यह आयोजन केवल एक दिवसीय शिविर न होकर समाज को यह संदेश देने का प्रयास रहा कि नारी का स्वास्थ्य ही सशक्त परिवार और उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं सिकल सेल एनीमिया से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई

**मेहगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव की टीम से बृजेंद्र योगी, पंकज श्रीवास्तव द्वारा सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग टेस्ट किए गए। यह एक दिवसीय शिविर शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में आयोजित किया गया। जिसमें स्टाफ सहित 70 छात्र छात्राओं का रक्त परीक्षण किया गया।

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत च्स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं सिकल सेल एनीमिया से संबंधित व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। व्याख्यान में डॉ. शिवेंद्र राजावत जी द्वारा छात्र-छात्राओं को रक्त की कमी से होने वाले रोगों के बारे में बताते हुए कहा- सिकल सेल एनीमिया आमतौर पर बाल्यावस्था में ही होता है। सिकल सेल रोग का शिकार ज्यादातर छात्राएं और महिलाएं होती हैं। क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही एवं पौष्टिक आहार न लेने के कारण यह रोग शरीर को कमजोर बना देता है। शरीर दिन प्रतिदिन कमजोर होता चला जाता है। रक्त की कमी से मानसिक थकान भी हो सकती है, क्योंकि रक्त का प्रवाह अगर हमारे मस्तिष्क तक नहीं होगा तो हमें भूलने की बीमारी का भी सामना करना पड़ सकता है। यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है। इसलिए प्रत्येक महिला/ पुरुष को हर तीन महीने में एक बार रक्त परीक्षण करना चाहिए। आज का कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आरके डवरिया के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा प्रभारी डॉ. गिरिजा नरवरिया द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खेल अधिकारी डॉ. ग्रेसी सिंह, डॉ. रेखा सुमन, प्रो. राधाकृष्ण शर्मा, प्रो. दुर्गेश गुप्ता, प्रो. शिव प्रकाश सिंह नरवरिया, प्रो. पुरुषोत्तम सिंह तोमर, प्रो. सुनील बंसल, प्रो. अंबुजा गुप्ता, प्रो. वंदना श्रीवास्तव आदि स्टाफ उपस्थित रहा ।

# मां दुर्गा की भक्ति में डूबा सूर्या प्रबंधन, पूजा अर्चना और आरती के साथ हुआ भंडारे का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,29सितम्बर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित सूर्या रोशनी में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां भगवती दुर्गा की झांकी सजाई गई है इसमें फैक्ट्री प्रबंधन व कर्मचारी मां दुर्गा की पूजा अर्चना ,आरती और कीर्तन भजन कर मां के जयकारे लगाते हैंद्य ।नवरात्र के छठे दिन कंपनी में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें फैक्ट्री प्रबंधन व कर्मचारियों और ठेकेदारों में मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा-अर्चना धूमधाम से की और जमकर भजन कीर्तन किए ठेकेदार जवाहर सिंह यादव, ठेकेदार पप्पू भदोरिया और फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने मां के भजन कीर्तन गाकर सभी का मन मोह लिया ,इस अवसर पर फैक्ट्री प्रबंधन में मां के दरबार में जमकर ठुमके लगाए और विधि-विधान से मां की आराधना कर सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की, फैक्ट्री कर्मचारियों ने फूल, धूप, दीप, नारियल और चुनरी अर्पित कर मां कात्यायनी से परिवार के मंगल की कामना की, इस अवसर पर मालनपुर थाने में पदस्थ उप निरीक्षक बलवंत सिंह यादव और सहायक उप निरीक्षक दिलीप सिंह तोमर ने स्टाफ के साथ आकर मां की पूजा अर्चना में सम्मिलित होकर आरती की, कार्यक्रम के बाद फैक्ट्री परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन क्या गया जिसमें सभी ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर कंपनी के यूनिट हेड तपन बंदोपाध्याय, कंपनी के उप महाप्रबंधक मुकुल चतुर्वेदी, सूर्या स्टील के प्रबंधक मुकुल राय, संजय सिंह कुशवाह, पुरुषोत्तम लाल आदि फैक्ट्री के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# दंदरौआ धाम में जगमगाया आध्यात्मिक आलोक



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 सितम्बर।** धार्मिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दंदरौआ धाम रविवार को उस समय दिव्य आलोक से जगमगा उठा, जब कामदगिरि पीठाधीश्वर, परम पूज्य जगतगुरु रामस्वरूपाचार्य कृपानंद महाराज ने पावन धाम पर पधार कर भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत कर दिया। आश्रम में प्रवेश करते ही ब्रह्मचारी विद्यार्थियों ने वेदमंत्रों के उच्चारण और पुष्पवर्षा से उनका भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा के अनुपम कंपन से भर गया। जगतगुरु कृपानंद महाराज ने श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत रामदास महाराज से भेंट कर धार्मिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दंदरौआ धाम ऐसा स्थल है, जहां केवल शरीर नहीं, आत्मा भी उपचार पाती है। डॉक्टर हनुमान जी के दर्शन असाध्य को साध्य बनाने वाली अद्भुत शक्ति प्रदान करते हैं। डॉक्टर हनुमान जी के दरबार में विशेष पूजन-अर्चन कर उन्होंने मानव कल्याण की कामना की और इसे भक्ति, आरोग्य और ज्ञान का अद्वितीय संगम बताया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने माना कि महंत रामदास जी की तपस्या और सेवा से भिण्ड जिले में आध्यात्मिक उन्नति के साथ भौतिक समृद्धि भी बढ़ रही है। रोगों का नाश, रोजगार में वृद्धि और समाज में नई चेतना इसका प्रमाण है। जगतगुरु कृपानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने के लिए धर्म, संस्कृति और विज्ञान का संगम आवश्यक है, और दंदरौआ धाम इसी दिशा का जीवंत आभास कराता है। इस अवसर पर शीतलदास महाराज (शिवपुरी), रामबरन पुजारी, जलज त्रिपाठी, बृजकिशोर शर्मा, प्रमोद चौधरी, पवन शर्मा, गिर्राज कटारे, कपिल भारद्वाज शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संतजन उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं से भरी कैंटर पलटी, देरी से शुरू हुआ इलाज



**पुलिस की सतर्कता से घायलों को समय पर पहुँचाया अस्पताल**

**नवभारत न्यूज**
**गोहद,29सितम्बर।** गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-719 पर छीमका गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी एक कैंटर देर रात हादसे का शिकार हो गई। चरथर से नरवर स्थित लोड़ी माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कैंटर अचानक सामने आई गाय से टकरा गई और असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में करीब 43 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से तुरंत गोहद अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन यहां डॉक्टर और स्टाफ ड्यूटी से गायब मिले, जिसके चलते घायलों का उपचार लगभग 1 घंटे की देरी से शुरू हो सका। स्थानीय लोगों ने रात में ही कलेक्टर को इस लापरवाही की शिकायत दी, जिसके बाद डॉक्टर और स्टाफ अस्पताल पहुंचे और इलाज शुरू हुआ। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए 27 श्रद्धालुओं को ग्वालियर रैफर किया गया है, जबकि बाकी का इलाज गोहद अस्पताल में जारी है। जब डॉक्टरों की अनुपस्थिति के बारे में बीएमओ से सवाल किया गया तो उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा— हम अभी रात की व्यवस्था देखें या सुबह की वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीएमओ स्वयं मुख्यालय पर कम रहते हैं और ग्वालियर से अपडाउन करते हैं।

> दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और घायलों को विभिन साधनों से अस्पताल पहुंचाया गया
> **मनीष धाकड़ थाना प्रभारी गोहद चौराहा**

# ऊमरी में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर, 151 मरीजों को मिला उपचार

**नवभारत न्यूज**
**भिंड।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर-02 अक्टूबर के क्रम में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊमरी में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती विनीता यादव की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गुप्ता, डॉ. पंकज चौधरी, डॉ. योगेश शाक्य, फार्मासिस्ट राहुल सरल, नर्सिंग ऑफिसर भानसिंह, पवन राजपूत, मनीष श्रीवास्तव, पूनम कुलस्ते और एएनएम जूली नरवरिया व कविता सिसोदिया उपस्थित रहीं। शिविर में अतिथि विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. विनीत गुप्ता (मेडिसिन), डॉ. रविकांत जैन (नेत्र रोग), डॉ. निखिल अग्रवाल (बाल रोग), डॉ. सलोनी खंडेलवाल (दंत रोग), डॉ. सरस्वती (फिजियोथेरेपिस्ट) और प्रीति विश्वकर्मा (मेंटल हेल्थ काउंसलर)—ने मरीजों को परामर्श एवं उपचार दिया। डॉ. अनुज गुप्ता ने बताया कि शिविर में 151 ओपीडी दर्ज की गईं, जिनमें 27 गर्भवती माताओं की जांच, 16 किशोरियों की स्वास्थ्य जांच, 4 बच्चों का टीकाकरण और 7 लोगों ने रक्तदान किया।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अतिथि चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव ने जानकारी दी कि अभियान के अगले चरण में 30 सितंबर 2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरपुरा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा।

# भिंड योग आनंद क्लब ने दिव्यांग बच्चों को स्पोर्ट्स किट वितरित कर बढ़ाया उत्साह

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,29सितम्बर।** मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के अंतर्गत भिंड योग आनंद क्लब ने सोमवार को महिला बाल विकास समिति भिंड के दिव्यांग विद्यालय प्रांगण में विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर मूक-बधिर एवं बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को स्पोर्ट्स किट वितरित की गई और विभिन्न खेल गतिविधियाँ कराई गईं, जिससे बच्चों के चेहरों पर उल्लास और आत्मविश्वास की चमक दिखी। आनंद विभाग की टीम ने खेल सामग्री देकर बच्चों में नई ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के प्रिंसिपल सतेंद्र सिंह राजावत लंबे समय से दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। वहीं शिक्षक राहुल वाजपेई साइन लैंग्वेज के माध्यम से मूक-बधिर बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। संस्था प्रमुख राघव सिंह द्वारा फिजियोथेरेपी, विशेष शिक्षा, म्यूजिक क्लास, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स गतिविधियाँ और बच्चों को घर से स्कूल तक लाने-ले जाने की सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

यह दिव्यांग विद्यालय भिंड जिले के जामना स्थित अपने कैंपस में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

## खेत के पास खड़ी मोटर सायकिल चोरी

**गुना।** बमोरी थाना क्षेत्र में बाईक चोरी की घटना सामने आई है। फरियादी गिर्राज अहिरवार निवासी ग्राम परांठ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक एमपी 08-5120 को दोपहर लगभग 2 बजे खेत पर चारा काटने के लिए ले गए थ। उन्होंने बताया कि बाइक को खेत के पास सड़क किनारे लॉक कर रखी थी।




# शासकीय विद्यालय के छात्रों ने किया आईटीआई कॉलेज का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर,29सितम्बर।** मालनपुर में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने ग्वालियर आईटीआई कॉलेज का भ्रमण किया। कक्षा 9 एवं 10 के आईटी विषय के विद्यार्थियों ने आईटीआई कॉलेज का भ्रमण कर यहां अलग अलग ट्रेडों में दिए जा रहे प्रशिक्षण की बारीकी से जानकारी ली। विद्यालय की शिक्षका दीपा भदौरिया ने बताया कि विद्यार्थियों को आईटीआई कॉलेज का भ्रमण कराया गया जो बच्चों के लिए बहुत ही लाभकारी है और उन्हें इस भ्रमण से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने आईटीआई कॉलेज में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर ट्रेड के प्रशिक्षण और व्यवहारिक ज्ञान के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान छात्रों ने इन ट्रेडों के प्रशिक्षण के बाद रोजगार के अवसरों के संबंध में भी जानकारी दी गई ।छात्रों के साथ भ्रमण के दौरान दीपा भदौरिया, विक्रम सिंह गुर्जर ,निर्मला ,निधि तोमर आदि विद्यालय के शिक्षक व शिक्षाएं मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने एक लाख से अधिक हस्ताक्षर के लक्ष्य को पार करने का लिया संकल्प



**वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के नवनियुक्ति प्रभारियों एवं सहप्रभारियों की बैठक**

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,29सितम्बर ।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय जगदीश गार्डन के सामने वाईपास रोड में कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। वोट-चोर,गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के जिला प्रभारी महेश जाटव ने वोट चोर-गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के संबंध में उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान के नवनियुक्ति विधानसभा,ब्लॉक के प्रभारियों एवं सहप्रभारीयो के साथ बैठक की उक्त बैठक में सर्वसम्मति से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार अभियान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बोट-चोर गद्दी छोड़ अभियान में भिण्ड जिले को एक लाख से अधिक मतदाताओ के प्रारूप पर हस्ताक्षर कराते हुए भारतीय जनता पार्टी को केन्द्र एवं प्रदेश की सत्ता से हटाने का निर्णय लिया गया। जिसमें जिले में नियुक्त किये गए हस्ताक्षर अभियान के प्रभारी एवं सह प्रभारियों को वोट चोर- गद्दी छोड़ज्ज छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान प्रारूप एवं संगठन प्रभारी प्रदेश महामंत्री डॉ. संजय कामले के पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराई गई। जिसमें जिला प्रभारी महेश जाटव द्वारा आग्रह किया गया कि उक्त अभियान को समय सीमा के अन्तर्गत आज से लक्ष्य पूर्ति से अधिक हस्ताक्षर कराने का कहा गया। हस्ताक्षर वाले प्रपत्रों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा जहां से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजे जाएंगे।

अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने नवनियुक्ति प्रभारियों एवं सहप्रभारीयो को नियुक्त पत्र प्रदान करने के साथ ही माला पहनाकर सम्मानित किया। श्री बघेल ने कहा कि सभी लोग मिलकर समय से पहले एक लाख से अधिक के लक्ष्य को पार करने का प्रयास करें। बैठक का संचालन हस्ताक्षर अभियान के जिला सहप्रभारी अरविंद यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल, हस्ताक्षर अभियान के जिला प्रभारी महेश जाटव, मीडिया प्रभारी व जिला सहप्रभारी पंकज त्रिपाठी, जिला सहप्रभारी अरविंद यादव, जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, हस्ताक्षर अभियान के जिले की विधानसभाओ एवं ब्लॉकों के प्रभारी व सहप्रभारी गणों में मुख्य रूप से श्रीमती सुशीला नरवरिया, डॉ. शिवेन्द्र सिंह कुशवाह, मानवेन्द्र सिंह कुशवाह, केदार कौशल, राहुल कुशवाह, राघवेंद्र सिंह, कैलाश नारायण माहौर, अवधकिशोर गुर्जर उर्फ बंटी, पवन राजौरिया, आशीष शर्मा, विनोद खेमरिया, राजवीर सिंह बघेल, रामेश्वर सिंह यादव, दिनेश सिंह यादव, राहुल शर्मा, भूपेंद्र करैया, दिनेश शर्मा, सुनील शर्मा, विकास चौधरी, डब्बू तोमर, रफीक खान, गरीब सिंह, बच्चन लाल बघेल, महेंद्र सिंह दौहरे, ब्रजमोहन मिश्रा, देवेंद्र सिंह राजावत, कपिल शर्मा, महावीर जाटव, महेश चौरसिया, ब्रजेश सिंह, उदयप्रताप सिंह, अंकित तोमर, मनोज लोधी, गौरव कोली, गोलू गुर्जर, मनमोहन सिंह भदौरिया ( टुनटुन), हरिओम सिंह भदौरिया, रामबरन सिंह नरवरिया, राजकुमार (राजू), प्रवेंद्र सिंह चौहान,राजेंद्र सिंह यादव,मानवेन्द्र सिंह कुशवाह आदि उपस्थित रहे।